तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 10 नवम्बर 2025

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

2 अवैध धान भंडारण पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, 418 बोरी धान जब्त



SWAMI VIVEKANAND UNIVERSITY SIRONJA, SAGAR - (M.P.)
EDUCATION
D.Ed. B.Ed. B.Ed. (Part Time 3 Yrs)
B.Ed + M.Ed (Integ. 3 Yrs)
B.A + B.Ed (Integ. 4 Yrs)
B.P.Ed., M.P.Ed., M.Ed
CAMPUS : N.H.26, NARSINGPUR ROAD, SIRONJA, SAGAR (M.P.)
8839281593, 9111656144

आसरा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
जरहाडीह, रघुनाथपुर सरगुजा छ.ग.
मों. 9826156669, 7000288169
B.S.C. नर्सिंग (4 वर्षीय कोर्स)
G.N.M. (3 वर्षीय कोर्स)
स्कॉलरशीप-शासन के नियमानुसार
पता - CTO चांदनी चौक, इण्डेन गैस गोदाम के पास, खैरबार रोड, मायापुर अंबिकापुर

# छत्तीसगढ़ में सरगुजा सबसे अधिक ठंडा, पारा पहुंचा 8.2 डिग्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

लगातार चल रही पश्चिमोत्तर की सर्द हवाओं के प्रभाव से सरगुजा शीतलहर के प्रकोप से जूझ रहा है। सर्द हवाओं के प्रभाव से न्यूनतम पारा सामान्य से 5.7 डिग्री की गिरावट के साथ 8.2 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है। पारा में हुए तेज गिरावट के कारण सरगुजा छत्तीसगढ़ का सबसे ठंडा क्षेत्र बन गया है। मौसम विज्ञानी आने वाले दिनों में न्यूनतम पारा में और अधिक गिरावट होने के साथ ही आगामी दो दिनों तक शीत लहर के जारी रहने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। पश्चिमोत्तर की सर्द हवाओं के आगे निकलने पर तापमान में कुछ वृद्धि होने के बाद शीतलहर से राहत मिलने की संभावना है। चक्रवाती तूफान मोंथा के कमजोर पड़ने के बाद न्यूनतम तापमान में लगातार गिरावट हो रही है। पूर्व में तापमान में गिरावट की रफ्तार धीमी थी लेकिन पिछले तीन दिनों से सर्द हवाएं हिमालय क्षेत्र में हुई बर्फबारी की ठंडक लेकर पहुंच रही है जिससे न्यूनतम तापमान में तेज गिरावट होने के साथ ही ठंड बढ़ गई है।

## सर्द हवाओं के आगे निकलने पर दो दिन बार मिलेगी राहत, सामान्य से 5.7 डिग्री नीचे पारा

### 36 साल बाद ऐसी गिरावट

इसके पूर्व कई बार नवम्बर के महीने में पारा में रिकॉर्ड गिरावट दर्ज की गई है लेकिन ऐसी स्थिति नवम्बर के अंतिम सप्ताह में ही निर्मित होती है। पांच दशकों में ऐसा दूसरी बार हुआ है जब नवम्बर के दूसरे सप्ताह में पारा में रिकॉर्ड गिरावट दर्ज की गई है। इसके पूर्व वर्ष 1969 में 9 नवम्बर को न्यूनतम तापमान 7.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था।




### इन परिस्थितियों में शीतलहर की घोषणा

मौसम विज्ञानी अक्षय मोहन भट्ट ने बताया कि शीतलहर के लिए विभाग ने कड़े मापदण्ड निर्धारित किए हैं। इसके अनुसार न्यूनतम तापमान के 10.0 के नीचे पहुंचने एवं पारा में 4.5 या 6.5 तक की गिरावट होना जरूरी है। पारा में 4.5 डिग्री की गिरावट होने पर शीतलहर एवं 6.5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट होने पर भीषण शीतलहर की घोषणा की जाती है।

सर्द हवाओं के प्रभाव से शनिवार को न्यूनतम तापमान में 2.5 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई थी जबकि रविवार को पारा में 2.7 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। दो दिन के भीतर पारा में 5.2 डिग्री की गिरावट होने के साथ ही पश्चिमोत्तर की सर्द हवाएं चलने से ठंड बढ़ गई है। मौसम विभाग ने बीच-बीच में बर्फीली हवाएं चलने की चेतावनी जारी की है। ठंड से बचने लोग अब अलाव का सहारा ले रहे हैं। सर्द हवाओं के प्रभाव से छत्तीसगढ़ के शिमला मैनपाट के न्यूनतम तापमान में भी तेज गिरावट दर्ज की गई है तथा तापमान 6.0 डिग्री सेल्सियस के निकट पहुंच गया है। सरगुजा संभाग के अन्य सभी जिलों के लोग शीतलहर से जूझ रहे हैं। आमतौर पर नवम्बर के अंतिम सप्ताह में तापमान में गिरावट होती है तथा दिसम्बर एवं जनवरी के महीने में कड़ाके की ठंड पड़ती है। लम्बे अर्से बाद ऐसी स्थिति निर्मित हुई है जब नवम्बर के दूसरे सप्ताह में शीतलहर के प्रकोप के साथ पारा में इतनी तेज गिरावट आई है।

## खबर संक्षेप

### डॉ. हेडगेवार के जीवन पर आधारित नाट्य मंचन आज



**अंबिकापुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉ. हेडगेवार के प्रेरणादायी जीवन पर आधारित नाट्य मंचन का आयोजन 10 नवम्बर को अपराह्न 5.30 बजे से स्थानीय पीजी कॉलेज के सभागार में किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक नरेंद्र सिन्हा ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन के संस्कृति विभाग एवं संस्कार सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में नागपुर की लोकप्रिय नादब्रम्हा नाट्य ग्रुप के द्वारा शानदार प्रस्तुति दी जाएगी जिसे देखने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने आम जनता व गणमान्य जन से आह्वान किया है।

### शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज का वार्षिकोत्सव कल

**अम्बिकापुर।** शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय का वार्षिकोत्सव पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य एवं सांसद चिंतामणि महाराज की अध्यक्षता में 11 नवम्बर को मनाया जाएगा। वार्षिकोत्सव में क्षेत्र के अन्य जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहेंगे। प्राचार्य डॉ.खरे ने बताया कि वार्षिकोत्सव अपराह्न 2 बजे प्रारंभ होगा। समारोह में पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल नशा नशा मुक्त भारत अभियान एवं साइबर जागरूकता विषय पर उद्बोधन देंगे। जिसके बाद छात्र-छात्राएं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देंगे। समारोह में अतिथि उत्कृष्ट छात्र-छात्राओं तथा ग्राम डिगमा के उल्लेखनीय कार्य करने वाले नागरिकों को सम्मानित करेंगे।

### पीजी कॉलेज ग्राउंड और गांधी स्टेडियम क्षेत्र नो ड्रोन फ्लाइंग जोन घोषित

**अम्बिकापुर।** राष्ट्रपति श्रीमतीं द्रौपदी मुर्मू का 20 नवम्बर को जिले के अम्बिकापुर में प्रवास प्रस्तावित है। राष्ट्रपति के प्रस्तावित आगमन एवं सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने आदेश जारी कर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अम्बिकापुर का ग्राउंड एवं गांधी स्टेडियम परिसर तथा उसके आस-पास के क्षेत्र को नो ड्रोन फ्लाइंग जोन घोषित किया है। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि राष्ट्रपति के सरगुजा प्रवास के दौरान सुरक्षा कारणों से उक्त क्षेत्र में किसी भी प्रकार के ड्रोन, अनमैन्ड एरियल व्हीकल, कैमरा ड्रोन या अन्य उड़ान उपकरणों का संचालन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। आदेश का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता एवं विमान अधिनियम के प्रावधानों के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने इस संबंध में जिले के सभी राजस्व, पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि वे सुरक्षा नियमों का पालन करें एवं निर्धारित अवधि में नो ड्रोन जोन में किसी भी प्रकार की उड़ान गतिविधि से दूर रहें।

## परिजन ने लगाया पुलिस पर मारपीट का आरोप

# पुलिस हिरासत में फिर से एक युवक की मौत, पकड़ा गया था चोरी के आरोप में

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/बलरामपुर

रविवार को चोरी के आरोप में हिरासत में लिए गए युवक की पुलिस कस्टडी में मौत हो गई। मृतक को लगभग 50 लाख रुपए की चोरी के मामले में पकड़ा गया था और पुलिस के अनुसार पूछताछ के दौरान उसने अपना जुर्म कबूल किया था। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी के जेवर बरामद किए थे और सुबह कोर्ट में पेश करने वाली थी लेकिन इससे पहले ही संदिग्ध रूप से उसकी मौत हो गई। आरोपी युवक की मौत के बाद परिजन ने पुलिस पर बेरहमी से मारपीट का आरोप लगाया है। इस घटना के बाद पुलिस महकमें में हड़कंप मच गया है। अब पुलिस ने इस मामले की न्यायिक जांच कराने की बात कही है।

**खास बात**

- जेवर दुकान में हुई चोरी में शामिल होने मामले में लिया था कस्टडी में, सुबह अस्पताल में तोडा दम

बताया जा रहा है कि बलरामपुर जिला मुख्यालय के दहेजवार स्थित धनंजय ज्वेलर्स में हुई लाखों रुपए की चोरी के मामले में पुलिस ने सीतापुर थाना क्षेत्र के ग्राम ⏭ शेष पेज 4 पर



मृतक के परिजन को समझाइश देती पुलिस।

### होगी न्यायिक जांच

मृतक भी चोरी में शामिल था और उसने अपना जुर्म स्वीकार किया था। हमने उसके पास से चोरी का सामान भी बरामद किया था। मृतक पहले से बीमार था और सिकलिंग का मरीज था। उसे एक साल में 10 बार ब्लड चढ़ा है जबकि दो बार वह अस्पताल में भर्ती हुआ। इस मामले में न्यायिक जांच की जाएगी। मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में नियमानुसार पीएम कराया गया है। जांच के बाद स्थिति स्पष्ट होगी।

-विश्व दीपक त्रिपाठी, एएसपी

### न्यायिक जांच के निर्देश

चोरी के आरोपी उमेश सिंह की मौत के मामले में पुलिस विभाग एक बार फिर से सवालों के घेरे में आ गई है। इस घटना के बाद कोतवाली थाना की पुलिस और गंभीर आरोप लगे है। ऐसे में इस घटना के मामले में न्यायिक जांच के आदेश दिए गए है। रविवार को न्यायिक मजिस्ट्रेट, एफएसएल की मौजूदगी में डॉक्टरों की टीम ने मृतक का पीएम किया। इस दौरान पुलिस ने पीएम की वीडियोग्राफी भी कराई है।

### सिकलिंग का मरीज था

पुलिस का कहना है कि आरोपी मृतक उमेश सिंह सिकलिंग का मरीज था। वह पहले से बीमार था और एक साल में उसे 2 बार ब्लड चढ़ाया गया जबकि 2 बार अस्पताल में भर्ती किया गया था। रविवार को भोर में 4.20 बजे उसकी उसकी तबियत बिगड़ने पर अस्पताल में भर्ती किया गया था जहां 4.45 बजे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मारपीट जैसी घटना से इनकार किया है।

### परिजन ने की न्याय की मांग

इधर इस घटना के बाद परिजन ने पुलिस पर मारपीट का आरोप लगाया है। मृतक की मां अगरबती सिंह, बहन व अन्य परिजन का कहना है कि पुलिस रात में सोते समय उमेश को घर से उठाकर लाइ थी। इस दौरान हाथ पैर बांधकर उसके साथ नकना में ही मारपीट की गई थी जबकि अंबिकापुर के एक होटल में रखकर मारपीट की गई। परिजन जब बलरामपुर पहुंचे तो उन्हें मिलने नहीं दिया जा रहा था। परिजन तीन दिनों से जिला अस्पताल में रुके हुए थे। 8 नवंबर को जब पुलिस उसे गाड़ी में बिठाकर कहीं ले जा रही थी तो वह चल भी नहीं पा रहा था। परिजन ने उसे खाने के लिए केला दिया था। परिजन का कहना है कि उमेश सिंह को कोई बीमारी नहीं थी। मारपीट के कारण उसकी मौत हुई। युवक की मौत के बाद भी पुलिस ने यह कहकर उन्हें अस्पताल में बुलाया था कि उमेश सिंह सीरियस है लेकिन उसकी मौत हो गई थी। मौत के बाद भी घंटों उसे मिलने नहीं दिया गया। परिजन ने अब इस मामले में न्याय की गुहार लगाई है।

# जेवर दुकान में बादी गिरोह ने दिया था चोरी की घटना को अंजाम, 8 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

नगर के दहेजवार चौक स्थित धनंजय ज्वेलर्स में हुई लाखों रुपए की चोरी के मामले में पुलिस ने सफलता हासिल की है। चोरी की घटना को बादी गिरोह ने अंजाम दिया था जो सरगुजा, सूरजपुर क्षेत्र में कई चोरियां कर चुका है। पुलिस ने चोरी के मामले में कुल 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में गिरोह के 4 चोर बादी गिरोह के है जबकि एक जेवर दुकान संचालक समेत चार सहयोगी शामिल है। पुलिस ने आरोपियों से नगदी समेत 50 लाख रुपए का मशरूका बरामद किया है। खास बात यह है कि इन्ही शातिर चोरों ने 22 अक्टूबर को सूरजपुर जिले में भी जेवर दुकान में चोरी की घटना को अंजाम दिया था।

- आरोपियों ने चोरी का सामान खरीदने वाला समेत चार सहयोगी भी शामिल, 50 लाख रुपए का मशरुका बरामद
- 22 को सूरजपुर में की थी चोरी, कई वारदातों में रहे है शामिल

बता दें कि नगर के दहेजवार चौक स्थित धनंजय ज्वेलर्स में 30 और 31 अक्टूबर की दरमियानी रात अज्ञात नकाबपोश चोरों ने ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया था। चोरों ने दुकान में घुसकर नगदी व सोने चांदी के जेवर लेकर फरार हो गए थे। इस घटना की सूचना मिलने के बाद नगर में हड़कंप मच गया था। घटना की शिकायत दुकान संचालक धनंजय सोनी ने ⏭ शेष पेज 4 पर



### जेवर दुकान संचालक ने गलाया सोना चांदी

पुलिस के अनुसार चोरी किए गए सोने चांदी के जेवर को आरोपियों ने सीतापुर प्रतापगढ़ निवासी राजेश अग्रवाल, बादल एवं अजीत के सहयोग से अंबिकापुर निवासी रोशन सोनी संचालक स्वर्ण महल ज्वेलर्स के पास बेच दिया। बेचे गए जेवर से मिले नगदी रकम को भी आरोपियों ने आपस में बांट लिया था। इधर चोरी के जेवर को आरोपी स्वर्ण महल संचालक रोशन सोनी ने गलाकर किसी दूसरे जेवर व्यवसायी को बेच दिया जबकि कुछ जेवर को उसने अपने पास छिपाकर रखा था। पुलिस ने इस मामले में सीतापुर के बालमपुर निवासी 25 वर्षीय अजीत आ. शम्भूनाथ, ग्राम बनेया निवासी 40 वर्षीय राजेश अग्रवाल आ.रमा अवतार अग्रवाल, जशपुर जिले के सन्ना निवासी 22 वर्षीय बादल दास आ.प्रमोद दास जेवर दुकान संचालक अंबिकापुर गोधनपुर निवासी 24 वर्षीय रोशन सोनी आ. चुन्नू सोनी को गिरफ्तार किया है।

### ये सामान किए गए बरामद

पुलिस के अनुसार आरोपियों के पास से सोना 234 ग्राम, चांदी 12 किलोग्राम, नगद 3 लाख 50 हजार रुपए, चोरी किए गए आभूषण को बेच कर खरीदी गई एक नग मोटरसायकल, एक नग स्कूटी एवं 2 नग सेकेण्ड हैंड आईफोन घटना में प्रयुक्त 1 नग पल्सर मोटरसाइकिल एवं एक नग अपाचे मोटरसाइकिल कुल अनुमानित कीमत करीब 50 लाख रुपए का मशरूका बरामद किया है। इस घटना में एक अन्य आरोपी फरार चल रहा है जिसकी तलाश पुलिस कर रही है।

### पकड़े गए है आरोपी

पकड़े गए आरोपी बादी गिरोह के है और काफी शातिर है। उन्होंने पूर्व में भी चोरी की घटनाएं की है और हाल ही में सूरजपुर के जेवर दुकान में चोरी की थी। इस मामले में चोरी करने वाले आरोपियों और खरीदार समेत 8 लोगों को पकड़ा गया है जबकि एक की तलाश जारी है।

-विश्व दीपक त्रिपाठी, एएसपी

# प्रसव के बाद महिला की मौत, परिजन ने पति पर लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

प्रसव के बाद एक महिला की मौत का मामला सामने आया है। नवजात को जन्म देने के बाद महिला ने दम तोड़ दिया। इधर महिला की मौत को लेकर परिजन ने पति पर ही लापरवाही का आरोप लगाया है। इस मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है और घटना की जांच जारी है।

### दो पत्नियों को छोड़कर की थी तीसरी शादी

बताया जा रहा है कि सोहन राम ने दो पत्नियों को छोड़कर तीसरी शादी की थी। सोहन राम की पहले से दो पत्नी और दो बेटे है। इस बीच वह शंकरगढ़ गया जहां उसने रेखा से शादी कर ली थी। शादी के बाद वह रेखा यादव को भी अपने साथ खूटनपारा में रखता था। मृतिका के परिजन का आरोप है कि सोहन राम ने समय रहते रेखा का सही ढंग से उपचार नहीं कराया। उपचार के आभाव में उसकी मौत हो गई।

बताया जा रहा है कि राजपुर के खूटनपारा निवासी 32 वर्षीया रेखा यादव पति सोहन राम गर्भवती थी। 8 नवम्बर को महिला को प्रसव पीड़ा शुरू होने पर परिजन ने उसे बरियों स्थित स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया था। इस दौरान महिला ने सामान्य प्रसव से एक बच्ची को जन्म दिया था। सामान्य प्रसव के कुछ देर बाद महिला शौच के लिए गई हुई थी जहां वह बेहोश होकर गिर गई।

प्रसूता के बेहोश होने पर प्रारंभिक जांच के बाद उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया गया था जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

### राष्ट्रपति के सरगुजा प्रवास हेतु नोडल व सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त

**अम्बिकापुर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के 20 नवंबर को प्रस्तावित दौरे को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी है। राष्ट्रपति सरगुजा प्रवास के दौरान सम्पूर्ण व्यवस्था हेतु अधिकारियों को दायित्व सौंपे गए हैं। जिसमें प्रवास के दौरान सम्पूर्ण व्यवस्था हेतु नोडल अधिकारी अपर कलेक्टर सरगुजा सुनिल कुमार नायक तथा सम्पूर्ण व्यवस्था हेतु सहायक नोडल अधिकारी जिपं सीईओ विनय कुमार अग्रवाल एवं आदिवासी विकास के सहायक आयुक्त ललित शुक्ला को नियुक्त किया गया है।



जब्त गांजा व इनसेट में आरोपी।

# ट्रैक्टर ट्राली में चेंबर बनाकर तस्करी, 117 किलो गांजा बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ वाड्रफनगर

नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने ट्रैक्टर से 117 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। तस्कर गांजा को ट्रैक्टर ट्राली के नीचे अलग से चेम्बर बनाकर तस्करी कर रहा था। पुलिस द्वारा इस मामले में पूछताछ की जा रही है।

- पुलिस ने आरोपी चालक को किया गिरफ्तार, पूछताछ जारी

बताया जा रहा है कि बसंतपुर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति द्वारा ट्रैक्टर ट्राली के नीचे चेम्बर बनाकर गांजा की तस्करी की जा रही है। मुखबिर से मिली सूचना के बाद पुलिस ने बसंतपुर थाना के सामने घेराबंदी कर उत्तर प्रदेश की ओर जा रहे संदिग्ध ट्रैक्टर को रोककर उसकी तलाशी ली। इस दौरान ट्रैक्टर के हाइड्रोलिक ट्राली के नीचे एक अलग से चेंबर बनाया गया था। उक्त चेंबर से पुलिस ने 117.190 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद किया। पुलिस ने आरोपी से 23 लाख 40 हजार रुपए का गांजा और ट्रैक्टर जब्त किया है। पुलिस ने इस मामले में ट्रैक्टर चालक बिहार के रोहतास नासरिगंज बिगहां वंशराज निवासी 29 वर्षीय राहुल कुमार यादव आ. लक्ष्मण यादव को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने गांजा तस्करी करने की बात स्वीकार की। पुलिस अब गांजा सप्लायर के बारे में जानकारी एकत्रित कर रही है। पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 (बी) (2) (सी) के तहत अपराध दर्ज किया है।

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी बसंतपुर जितेन्द्र सोनी, प्रधान आरक्षक पंकज पोर्ते, हरिप्रसाद, आरक्षक विवेक कुमार, जनार्दन, लक्ष्मण प्रसाद सक्रिय रहे।

## जिला स्तरीय प्रतिभा खोज कबड्डी प्रतियोगिता का सफल समापन

# अब कबड्डी खेल प्रतिभाओं को मिलेगी उच्च स्तरीय कोचिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



रविवार को जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का समापन किया गया। प्रतियोगिता के दौरान बेहतर प्रदर्शन करने वाले बालक व बालिका वर्ग के खिलाड़ियों को विशेष प्रशिक्षण देने की बात कही गई है। बता दें कि सरगुजा जिला कबड्डी संघ द्वारा शनिवार को जिला स्तरीय कबड्डी प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इस प्रतियोगिता के उदघाटन में विधायक लुंड्रा प्रबोध मिंज शामिल हुए जबकि रविवार को इस प्रतियोगिता का समापन मुख्य अतिथि एसएसपी राजेश अग्रवाल, छग युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर की उपस्थिति में किया गया। दो दिवसीय प्रतियोगिता में जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों की कुल 35 टीमों ने भाग लिया, जिनमें 18 बालक वर्ग एवं 17 बालिका वर्ग की टीमें शामिल रहीं। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य जिले के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की पहचान कर उन्हें उच्च स्तरीय कोचिंग प्रदान करना है ताकि वे राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें। संघ की चयन समिति द्वारा खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर बालक वर्ग की दो टीम एवं बालिका वर्ग की दो टीमों का चयन किया गया है, जिन्हें आगामी प्रशिक्षण शिविर में विशेष कोचिंग दी जाएगी। मुख्य अतिथि द्वारा प्रथम आए खिलाड़ियों को 10 हजार रुपए नगद पुरस्कार एवं ट्रॉफी मेडल एवं द्वितीय स्थान प्राप्त खिलाड़ियों को 7 हजार रुपए नगद पुरस्कार एवं ट्रॉफी मेडल प्रदान किया गया। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि चयनित खिलाड़ियों को आगामी प्रशिक्षण शिविर में विशेषज्ञ कोचों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे वे राज्य एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए और अधिक तैयार हो सकें। इस अवसर पर पार्षद विकास पांडेय, सोमनाथ सिंह, गोल्डी बिहाड़े, प्रदीप गुप्ता, निशांत सिंह गोल्डी, राजेश प्रताप सिंह, गोल्डी छाबड़ा, शांनु कश्यप, अजय सिंह, अंजनी दुबे, रजत सिंह, सुनैना जायसवाल उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### एक दिवसीय विकासखंड स्तरीय पशु मेला में शामिल हुए 12 गांव के ग्रामीण

**डांड़गांव।** उदयपुर मुख्यालय के ग्राम पंचायत मानपुर में विकासखंड स्तरीय पशु मेला उत्सव प्रदर्शनी का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मुख्य अतिथि पर्यटन व धर्मस्य मंत्री राजेश अग्रवाल व विशिष्ट अतिथि जनपद अध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह व जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रैमुनिया मुनिया करियाम की उपस्थिति में किया गया। पशुधन विकास विभाग द्वारा आयोजित मेला में विकासखंड के 12 गांव के ग्रामीण शामिल हुए। मेला उत्सव में बकरी, बकरा, मुर्गी, शुगर, गाय, भैंस, शुतुरमुर्ग और घोड़ा सहित अन्य पशु पक्षियों का अनोखा प्रदर्शनी देखने को मिला है। पशु मेला उत्सव प्रदर्शनी में पशुपालकों और किसानों के लिए जबरदस्त उत्सव का आयोजन किया गया। पशु प्रतियोगिता में दुधारू गाय भैंस बछिया बैल भैंस सांड बकरी बकरा सुकर मुर्गी पशु पक्षी वर्ग में प्रथम द्वितीय तृतीय पशु विजेता के मालिकों को पुरस्कार तथा प्रमाण पत्र जन प्रतिनिधियों के माध्यम से प्रदान कराया गया। पशुधन विकास विभाग में संचालित योजनाओं की जानकारी भी बताया गया निशुल्क बधियाकरण करने हेतु किसानों को प्रोत्साहित किया। बकरी पालन गौ पालन में आने वाले समस्याओं का निदान के बारे में समझाया गया। इस दौरान सिद्धार्थ सिंह देव, संतोष जायसवाल, अर्जुन सिंह, नरेंद्र सिंह, भूलन सिंह, प्रबोध सिंह, अखंड विधायक सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### शिविर में छात्र-छात्राओं को कराया गया योगाभ्यास



**अम्बिकापुर।** पतंजलि योग समिति द्वारा शनिवार को सुबह 7.30 से 9 बजे तक ग्राम बकिरमा स्थित हायर सेकेण्डरी स्कूल एवं मिडिल स्कूल में योग विज्ञान के माध्यम से जीवन प्रबंधन एवं राष्ट्र आराधना कार्यक्रम आयोजित कर छात्र-छात्राओं को योग, प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने योगिग-जॉगिंग के बारह अभ्यास, सूर्य नमस्कार, भस्त्रिका, कपालभाति, अनुलोम-विलोम व प्रणव प्राणायाम, सिंहासन, हास्यासन का अभ्यास किया। योग शिक्षकों ने कहा कि योग करने से विद्यार्थी स्वस्थ रहकर शक्ति एवं समृद्धि प्राप्त करते हैं। अपने जीवन में ज्ञान, भक्ति, कर्म को आत्मसात कर विद्यार्थी अपना लक्ष्य हासिल कर सकते हैं। योगाभ्यास से आंतरिक शक्ति जागृत करने में मदद मिलती है तथा यह व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक रूप से मजबूत करता है। योग करने से सभी बुराइयों से मुक्ति मिलती है। इस दौरान समिति के सह राज्य प्रभारी कमलेश योगी, योग शिक्षक मंगलेश श्रीवास्तव, प्रभारी प्राचार्य राजेश सोनी, इंदु सिंह, अंजन भगत, बिंदिया तिवारी आदि उपस्थित थे।

### गोविंद भगत का चमत्कारी प्रदर्शन बना आकर्षण का केंद्र

# विजयनगर में गोवर्धन पूजा पर आस्था विश्वास और साधना का अद्भुत संगम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

ग्राम विजयनगर स्थित बाकी नदी के तट पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गोवर्धन पूजा महोत्सव में आस्था, विश्वास, साधना और चमत्कार का ऐसा अनोखा संगम देखने को मिला जिसने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। आयोजन के दौरान गोवर्धन पूजा करने आए बनारस के प्रसिद्ध संत गोविंद भगत ने अपने चमत्कारी साधना प्रदर्शन से लोगों को आश्चर्यचकित कर दिया।

**खास बात**
- उबलते दूध से किया स्नान

गोविंद भगत ने कार्यक्रम के दौरान उबलते हुए दूध में स्नान कर यह दिखाया कि सच्ची श्रद्धा और भक्ति से अग्नि और ताप भी साधक को नुकसान नहीं पहुंचा सकते। इतना ही नहीं, उन्होंने अपने सर को हवन कुंड की अग्नि में डालकर भी साधना की, जिससे उपस्थित श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। इस चमत्कार के बाद श्रद्धालुओं ने गोविंद की जय के जयघोष से पूरा वातावरण गुंजायमान कर दिया। गोविंद भगत ने अपने प्रवचन में कहा कि गोवर्धन पूजा का संबंध द्वापर युग से है, जब भगवान श्रीकृष्ण ने इंद्र के क्रोध से ब्रजवासियों की रक्षा हेतु गोवर्धन पर्वत को उठाया था। उन्होंने बताया कि यह पर्व प्रकृति, गोवंश और अन्नदाता के प्रति श्रद्धा का प्रतीक है। इस दौरान उन्होंने विधि-विधान से पूजा-अर्चना और हवन कर समस्त जनों के कल्याण की प्रार्थना की। कार्यक्रम में यादव समाज के जिला एवं प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में उपस्थित कृषि मंत्री व समाज लोग।



उबले दूध से स्नान करते भक्त।

#### आज भी संस्कृति और परंपरा है जीवित

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ सरकार के कृषि मंत्री रामविचार नेताम विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि ऐसे आयोजन न केवल हमारी संस्कृति और परंपरा को जीवित रखते हैं, बल्कि यह समाज को एकता, आस्था और पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी देते हैं।

#### भव्य रूप से सजाया गया था आयोजन स्थल

आयोजन स्थल को भव्य रूप से सजाया गया था। जगह-जगह फूलों की सजावट, दीपों की रौशनी और भक्तिमय संगीत से पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया। इस आयोजन ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि गोवर्धन पूजा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि आस्था और विश्वास का पर्व है, जो भक्ति, प्रकृति और मानवता को जोड़ता है।



## अवैध धान भंडारण पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, 418 बोरी धान जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

कलेक्टर एस जयवर्धन के निर्देशन में जिले में अवैध धान भंडारण एवं परिवहन के विरुद्ध सख्त की जा रही है। इसी क्रम में आज चंदौरा स्थित राहुल गुप्ता किराना स्टोर से लगभग 250 बोरी अवैध रूप से भंडारित धान को जब्त किया गया। वहीं ग्राम इंजानी नेवारीपारा, तहसील ओडगी क्षेत्र में भी राजस्व अमले द्वारा हरिप्रसाद पुत्र रामकुमार, निवासी ग्राम खोड़ के पास भंडारित धान की जांच की गई।

साथ ही 168 बोरी अवैध धान जब्त किया गया। इस दौरान सुरेश कुमार आयाम आ. देवसाय के घर से 60 बोरी लगभग 30 क्विंटल, बबई सिंह आ. जान साय के घर से 54 बोरी लगभग 30 क्विंटल और शोभनाथ आ. धर्मसाय के घर से 54 बोरी लगभग 30 क्विंटल जब्त किया गया। इस कार्रवाई में कुल तीन पिकअप वाहनों में लगभग 90 क्विंटल धान जब्त किया गया। उल्लेखनीय है कि प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध धान क्रय-विक्रय और भंडारण पर सख्त प्रतिबंध है। ऐसे मामलों में निरंतर निगरानी रखी जा रही है।

जिले की सीमाओं पर भी लगातार निगरानी रखते हुए राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा कार्रवाई की जा रही है। ऐसे मामलों में दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



# भाजपा जिला कार्यसमिति की घोषणा



**सूरजपुर।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी ने जिला कार्यसमिति की घोषणा कोर कमेटी के सदस्यों की उपस्थिति में की है।

जिला प्रवक्ता मुकेश गर्ग ने बताया कि कार्यसमिति में उपाध्यक्ष महेश्वर पैकरा, शिवप्रसाद सिंह, शोभनाथ राजवाडे, संत सिंह, श्रीमती संध्या सिंह, देवधन राम बिझिया, जिला महामंत्री शशिकांत गर्ग, अशोक सिंह, कोषाध्यक्ष संदीप अग्रवाल, जिलामंत्री दीपक गुप्ता, राजेश्वर तिवा, श्रीमती गौरी सिंह, श्रीमती प्रतिमा साहू, श्रीमती लालती सिह, जिला प्रवक्ता मुकेश गर्ग, सह मीडिया प्रभारी प्रदीप द्विवेदी, जिला कार्यालय मंत्री रितेश जायसवाल, सह जिलाकार्यालय मंत्री, संजय सोनी, जिला सोसल मीडिया प्रभारी लीलू गुप्ता, सह जिलाशोसल मिडिया प्रभारी पवन कुमार साहू तथा शिव राजवाडे. आईटी सेल संयोजक, विक्रम नामदवे आईटी सेल सहसंयोजक एवं जिला कार्यसमिति सदस्यो में राजेश महलवाला, लाल संतोष सिंह, अनुप सिंन्हा, ललीत गोयल, अशोक अग्रवाल, अमलेश सिह, राजेश यादव, सुरेश गोयल, गोपाल शरण, तेज बहादुर सिंह, श्रीमती श्यामा पाण्डेय, शशिनाथ तिवारी, विभीषण यादव, जगदीश गुप्ता, विरेन्द्र गुप्ता, श्रीमती किरण खेस , श्रीमती चम्पा विश्वास, विजय राजवाडे, चिन्तावन राजवाडे, श्रीमती किरण केराम, सूर्य प्रताप सिंह, अजय अग्रवाल, जगमोहन सिंह, जयप्रकाश उपाध्याय, राम शिरोमनी साहू, सुरेन्द्र कुमार राजवाड़े, सुभाष राजवाडे, मार्तण्ड साहू, राजेश तिवारी, रामेश्वर बैस, राजकुमार गुप्ता, मनी बग्गा, सुमन्त साहू, अशोक गुप्ता, श्रीमती अंजू सिंह, श्रीमती करूणा सिरदार, श्रीमती मिना सिंह, श्रीमती छाया साहू, श्रीमती रोशनी सोनी, श्रीमती गीता गुप्ता, श्रीमती पदमा जायसवाल, श्रीमती ललीता कन्नौजे, देवंती साहू, शकुन्तला देवागन, देव मुनिया साहू, विशेष आमंत्रित सदस्यों में सतीश गर्ग, अनिल गोयल, प्रेमपाल अग्रवाल, शैलेश्वर सिंह, घनश्याम अग्रवाल, पुष्पा सिंह, रितेश गुप्ता, सुरेश मरकाम, रामविलास साहू सहित अन्य शामिल है। वहीं स्थायी आमंत्रित सदस्यों में रामसेवक पैकरा, लक्ष्मी राजवाडे, चिंतामणी महाराज, भूलन सिंह मरावी, शकुन्तला सिंह, भीमसेन अग्रवाल, रजनी रविशंकर त्रिपाठी, सत्यनारायण सिंह, आरके शुक्ला, बाबूलाल अग्रवाल, अजय गोयल, रामकृपाल साहू, चरण सिंह अग्रवाल, कुलवंत सिंह, रामनारायण जायसवाल, मोहन सिंह, विजयलक्ष्मी शुक्ला, बनारसी जायसवाल, लालबहादुर तिवारी, मथुरा प्रसाद गुप्ता, अनिल कुमार मिश्रा, परमेश्वरी राजवाड़े, सत्यनारायण जायसवाल, थलेश्वर साहू, रामाशंकर यादव, अशोक गुप्ता मनोनीत किए गए हैं।

### वंदे मातरम गीत की 150वीं वर्षगांठ पर ग्राम पंचायत उमझर में हुआ भव्य आयोजन

**बिहारपुर।** वंदे मातरम गीत की 150वीं वर्षगांठ पर ग्राम पंचायत उमझर में ग्रामीणों ने राष्ट्रगीत वंदे मातरम का सामूहिक गायन कर देशभक्ति का संदेश दिया। कार्यक्रम में ग्रामवासियों ने वंदे मातरम गीत के महत्व और उसकी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर चर्चा की। सरपंच ने कहा कि वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं, बल्कि हमारी राष्ट्रीय अस्मिता और गौरव का प्रतीक है। इस दौरान नोडल अधिकारी बैकुंठ काशी, बाल सिंह सहित बड़ी संख्या में पंचायत प्रतिनिधि व ग्रामीण उपस्थित थे। अंत में ग्रामीणों को राशन वितरित किया गया।




## मकरादुआरी-बरगढ़ मार्ग में गड्ढा खोदा गया तो ग्रामीण करेंगे आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिहारपुर

क्षेत्र के पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने कलेक्टर एवं एसडीएम को ज्ञापन सौंप धान खरीदी के दौरान प्रशासन द्वारा मकरा दुआरी -बरगढ़ मार्ग में गड्ढा खोदकर आवागमन बाधित करने का विरोध किया है तथा बाहरी धान की निगरानी करने के लिए बैरियर लगाकर जांच करने की मांग की है।

- कलेक्टर एवं एसडीएम को ज्ञापन सौंप बैरियर लगाने की मांग

ग्रामीणों ने बताया सीमावर्ती एमपी के सिंगरौली जिला से खरीदी के दौरान विचौलिए समितियों में खपाने के उद्देश्य से धान की तस्करी करते हैं। बाहरी धान की आवक रोकने पूर्व में बैरियर लगाकर कर्मचारियों को तैनात किया जाता था जो बाहरी धान की निगरानी करते थे। पिछले दो वर्षों से बाहरी धान की आवक रोकने प्रशासन जगह-जगह गड्ढा खोदवा दे रहा है जिससे आवागमन बंद हो जा रहा है। दूरस्थ क्षेत्र के एक दर्जन से अधिक गांवों के लोग इसी मार्ग से कम समय में सिंगरौली सहित आसपास के क्षेत्रों का सफर करते हैं। क्षेत्र के ग्रामीण स्वास्थ्य सहित अन्य जरूरतों के लिए सिंगरौली पर निर्भर है। ऐसे में गड्ढा खोदकर आवागमन बाधित करने से क्षेत्रवासियों को भारी समस्या का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों को मुख्य मार्ग से सिंगरौली जाना पड़ता है। बाहरी धान की आवक पर नजर रखने के लिए प्रशासन मकरादुआरी में बैरियर लगाकर कर्मचारियों को तैनात करे न कि गड्ढा खोदकर आवागमन बाधित करे। प्रशासन द्वारा धान खरीदी के दौरान गड्ढा खोदा गया तो क्षेत्रवासी आंदोलन करेंगे।

### निबंध प्रतियोगिता में छात्राओं ने दिखाई अपनी प्रतिभा

**अम्बिकापुर।** बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अंतर्गत शनिवार को हाई स्कूल अजिरमा में बाल दिवस के उपलक्ष्य में हर बालिका राष्ट्र की पूंजी तथा मेरे सपनों का भविष्य विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। बालिकाओं के मन की बातों को जानने, उनके आत्मविश्वास को सशक्त बनाने तथा उन्हें प्रेरित करने के उद्देश्य से आयोजित प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भागीदारी की। इस दौरान प्राचार्य शिरीष कुमार नंदे, जिला समन्वयक श्रीमती नूतन सिन्हा, जेंडर विशेषज्ञ श्रीमती नीलमणि एक्का, वित्तीय साक्षरता समन्वय विशेषज्ञ श्रीमती नेहा सिंह सहित सभी शिक्षक उपस्थित थे।




### बृहस्पत सिंह के बयान पर भड़के कांग्रेसी एफआईआर दर्ज कराने थाने में दिया आवेदन

**सूरजपुर।** कांग्रेस पार्टी से निष्कासित बृहस्पत सिंह द्वारा कांग्रेस की सह प्रभारी सुश्री जरिता लैत फलांग एवं पूर्व प्रभारी कुमारी शैलजा के विरुद्ध रिश्वत लेने का झूठा आरोप लगाकर कांग्रेस पार्टी को बदनाम करने के विरुद्ध जिला कांग्रेस अध्यक्ष भगवती राजवाड़े के नेतृत्व में थाने में आवेदन देकर एफ आई आर दर्ज कराने की मांग की है। हाल में ही सोशल मीडिया में वीडियो वायरल हुआ है जिसमें कांग्रेस से निष्कासित बृहस्पत सिंह द्वारा बयान दिया गया है कि कांग्रेस की सह प्रभारी जरिता लैत फलांग द्वारा सरगुजा संभाग के सभी जिले के दावेदारों से जिला अध्यक्ष पद के नियुक्ति हेतु 5 से 7 लाख की मांग की गई है। साथ ही पूर्व में भी कांग्रेस की पूर्व प्रभारी कुमारी शैलजा के खिलाफ भी रिश्वत लेने के आरोपों लगाने के कारण बृहस्पत सिंह को कांग्रेस से निष्कासित किया गया था। ऐसे में कांग्रेस पार्टी की छवि खराब हो रही है। बृहस्पत सिंह के इस बयान को लेकर कांग्रेसियों ने थाने में आवेदन देकर एफआईआर दर्ज कराने की मांग की है। इस दौरान नरेश राजवाड़े, अश्विनी सिंह, रामकृष्ण ओझा, कुसुमलता राजवाड़े, मनोज डालमिया, उषा सिंह, जफर हैदर, गैबीनाथ साहू, विष्णु कसेरा, मनोज अग्रवाल, हेमेंद्र गुप्ता,वीरेंद्र बंसल, आकाश साहू, शरद सिंह, दीपक कर, कौनेन अंसारी, सावित्री शर्मा, मुस्तफा खान, रामसिंह, शिवम साहू, अनिल कुमार, शम्मी खान, अदनान सिद्दीकी एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।



**न्यायालय तहसीलदार लटोरी जिला सूरजपुर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. ब/121 वर्ष 2024-25
ग्राम- शिवसागरपुर प.ह.नं. 22

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक देवसाय आ. रामचरण जाति रजवार निवासी शिवसागरपुर प.ह.न..... रा.नि.मं. पिलखा तहसील लटोरी जिला सूरजपुर (छ.ग.) द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक के माता स्व. रगमेन आ. नेपाल की मृत्यु दिनांक 13/02/1994 को ग्राम शिवसागरपुर में हुई है, अज्ञानतावश मृत्यु पंजीयन हेतु ग्राम पंचायत शिवसागरपुर का आदेशित करने आवेदन पेश किया है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 12/11/2025 तक अपना आपत्ति इस न्यायायल में पेश कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया ।

कार्यपालिका दण्डाधिकारी
तहसील-लटोरी
जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

न्यूरो ओ.पी.डी. - प्रतिमाह दूसरे शनिवार
सिर एवं रीढ़ की हड्डी की चोटें, ब्रेन ट्यूमर एवं कैंसर ब्रेन हेमरेज, डिस्क प्रोलेप्स, ब्रेन हिमेटोमा एक्सीडेंट, ट्रामा एवं सिर की चोटों का उपचार एवं परामर्श
डॉ.हर्षित मिश्रा
MBBS, MS, M.ch (Neuro Surgery)(AIIMS DELHI)
कंसल्टेंट न्यूरोसर्जन
WE CARE SUPERSPECIALITY HOSPITAL RAIPUR
शनिवार,08 नवम्बर, 2025 को परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे ।
प्रातः 10:30 से दोपहर 02:30 बजे तक
अग्रिम पंजीयन आवश्यक 07774-221101, 9407910331 9488142243, 7869917120
संजीवनी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नया बस स्टैण्ड, गौरवपथ, अम्बिकापुर

डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S.,M.D.(पल्मोनरी मेडिसीन)
श्वाँस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
डॉ.दीपक अग्रवाल (हड्डी रोग विशेषज्ञ)
एम.बी.बी.एस, डी, आर्थो. (एफ.पी.ओ.)
सभी जोड़ों से संबंधित मरीज तथा बच्चों की जन्मजात हड्डी रोग
दिनांक :- 09 नवम्बर 2025, रविवार
सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास
अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

सरगुजा मार्केट

आप परेशान क्यों हैं ?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षों का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे है अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भुत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा
बीमारीयों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने का समयः- सुबह 09 बजे से 11 बजे तक
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ
परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.राहुल कपूर
(Laparoscopy Urosurgeon)
दिनांक 26 नवम्बर 2025 दिन - बुधवार
उपलब्ध सुविधा
-आयुष्मान कार्ड से ईलाज।
-दूरबीन से (बिना चीर, फाड़) ऑपरेशन
-किडनी स्टोन, किडनी नली का स्टोन, BPH प्रोस्टेट ग्रंथि का ऑपरेशन
-पेशाब रास्ते का सिकुड़न
-किडनी, पेशाब थैली, अंडकोष, प्रोस्टेट कैंसर का ईलाज
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जाँच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ.रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 14 नवंबर, 2025
समय - सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक
संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल, रायपुर के वरिष्ठ और अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ.विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
MBBS, DRNB, PDF, FMAS, FISCP, MNAMS
दिनांक - 15 नवंबर 2025, शनिवार
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल , रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी, ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक - 23 नवम्बर 2025, दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
संपर्क - विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर
में परामर्श हेतु प्रतिदिन उपलब्ध विशेषज्ञ
डॉ. आशीश कुमार जायसवाल - जनरल फिजिशियन
डॉ. हेमन्त कुमार बी - MBBS, DCH, DNB
डॉ. चन्द्रशेखर उपाध्याय - MBBS, DNB Ortho हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. प्रवीन कुमार सिंह - जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. मनोज भारती - MBBS, MS
डॉ. ओम प्रकाश पंडित - MBBS, DNB (Ortho) MNAMS हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. सोनल गार्डिया - MBBS, MS(General Surgeon) जनरल एवं लैप्रोस्कोपी सर्जन
डॉ. भावना गार्डिया - स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ.जी.के.दामले - MS, ENT
डॉ. नताशा शर्मा - स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ. रोशन आरा - एम.डी. रेडियो डायग्नोसिस
डॉ. हिमांशु गुप्ता - MD ONCO कैंसर रोग विशेषज्ञ
डॉ. संगिता भारती - चर्म रोग एवं सौन्दर्य विशेषज्ञ
डॉ. कमल नारायण गुप्ता - श्वास,छाती एवं टी.बी.रोग विशेषज्ञ
डॉ. संदीप गुप्ता - MBBS, DCH
डॉ. अभिजीत भट्टाचार्य - जनरल फिजिशियन
डॉ. राहूल शामकांत जाधव - एम.बी.बी.एस.,एम.डी.पैथोलॉजिस्ट
डॉ. सुरभि - BDS, MDS (Oral Medicine & Radiology) दंत एवं मुख विशेषज्ञ
डॉ. आयुशी गुप्ता - न्युरो (पेन फिजिशियन)
डॉ. मीना राव - आडियोलॉजिस्ट एवं स्पीच थैरेपिस्ट
डॉ. हेमलता साहू - फिजियोथैरेपी
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध

TOP IN SURGUJA
क्या आप भी परेशान हैं इन सब से ?
• चेहरे या पुरे शरीर में सूजन
• पेशाब में जलन
• यूरिया, क्रिएटिन का बढ़ना
• पेशाब कम आना या प्रोटीन आना
• पेशाब का रंग लाल होना
• हॉथ और पैरों में कमजोरी
• डायबिटिक किडनी
• किडनी स्टोन
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL - CREATING HEALTHY TOMORROW
कम खर्च में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
सरगुजा संभाग के पहले नेफ्रोलॉजिस्ट अब गायत्री हॉस्पिटल में प्रतिदिन उपलब्ध
किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ. ऋषभ गुप्ता
MD Medicine, DM Nephrologist
Gold Medalist

अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर के लिवर एवं पेट से संबंधित रोग के सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर द्वारा ओपीडी.
अम्बिकापुर में... डॉ.आकाश गर्ग
एम. बी.बी. एस, डी.एन.बी. (मेडिसीन) डीएनबी (गैस्ट्रो)पेट आंत एवं लिवर विशेषज्ञ , पूर्व विशेषज्ञ - मेदान्ता हॉस्पिटल गुरगांव
दिनांक - 02 नवम्बर 2025, रविवार
समय - सुबह 11:30 से दोपहर 2:30 बजे तक
अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर के सुपर स्पेशलिस्ट ओपीडी अम्बिकापुर में
डॉ.विनय कुमार
एसोसिएट कंसल्टेंट, नेफ्रोलॉजीएम.बी.बी.एस., एम.डी. (जनरल मेडिसिन) डी.एम. (नेफ्रोलॉजी)
दिनांक - 02 नवम्बर 2025, रविवार
समय - 11.30 से शाम 4 बजे तक
तेज डायग्रोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर)माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर
07774222555, 8718003300, 8085886678, 9752542415, 8120809000, 9424250281

## खबर संक्षेप



### रिटेल प्रशिक्षण अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा रिटेल स्टोर का किया शुभारंभ

**बिश्रामपुर।** शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल सिलफिली में रिटेल स्टोर का शुभारंभ प्राचार्य आईडी खलखो द्वारा किया गया, शाला परिसर में ही आवश्यक सामग्रियों की सुलभता सुनिश्चित हो इस उद्देश्य को लेकर रिटेल समूह के छात्रों द्वारा नितिन डिक्सेना रिटेल ट्रेनर के मार्गदर्शन में इसे शुरु किया गया है,इस शॉप का संचालन रिटेल समूह के छात्रों द्वारा किया जाएगा,जो उनके क्रियाकलाप गतिविधि अंतर्गत समाहित है,यह प्रयास विद्यार्थियों में आत्मविश्वास आत्मनिर्भरता व्यावसायिक ज्ञान और कौशल,रोजगार परक की भावना को प्रोत्साहित करने के साथ एक प्रेरणादायक कदम सिद्ध हो सकता है।

### अमित बघेल की गिरफ्तारी की मांग को लेकर दिया धरना




**अंबिकापुर।** अमित बघेल की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सर्व समाज ने शनिवार को शहर के अग्रसेन चौक पर धरना प्रदर्शन किया है। समाज के लोगों ने अमित बघेल की गिरफ्तारी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। बता दें कि छग क्रान्ति सेना और जोहार छग पार्टी के प्रमुख अमित बघेल ने रायपुर में छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा को खंडित किए जाने के बाद एक विवादित ब्यान दिया था। इस बयान के बाद अग्रसेन जी महाराज, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी और सिंधी समाज के खिलाफ विवादित टिप्पणी को लेकर अमित बघेल के खिलाफ अग्रवाल समाज ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। विरोध प्रदर्शन के बाद कोतवाली पुलिस ने अमित बघेल के खिलाफ बीएनएस की धारा 299, 302 एवं 353(1)(सी) के तहत अपराध दर्ज किया था। शनिवार को अमित बघेल कि गिरफ्तारी की मांग को लेकर सर्व समाज ने अग्रसेन चौक पर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान समाज ने 24 घंटे के अंदर गिरफ्तारी नहीं होने पर उग्र आंदोलन एवं नगर बंद की चेतावनी दी गई है। धरना प्रदर्शन को जिला कांग्रेस अध्यक्ष बालकृष्ण पाठक के साथ ही सिंधी समाज, क्षत्रिय समाज, ब्राह्मण समाज, गुरुसिंह सभा सहित अन्य सामाजिक संगठनों ने भी समर्थन दिया है।

### पीजी कॉलेज में किया गया राष्ट्रगीत का सामूहिक गायन

**अम्बिकापुर।** राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रासेयो ने राष्ट्रगीत वंदे मातरम् का सामूहिक गायन किया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार ने वर्ल्ड कप में भारतीय महिला क्रिकेट टीम की ऐतिहासिक जीत का उत्सव मनाया। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रगीत के सामूहिक गायन से हुई। विद्यार्थियों प्राध्यापकों एवं स्टाफ ने वंदे मातरम का सामूहिक गायन किया। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की ऐतिहासिक जीत को राष्ट्रीय गौरव का क्षण बताते हुए रासेयो की छात्राओं ने टीम की तस्वीरों एवं पोस्टरों को प्रदर्शित किया तथा केक काटकर जीत की खुशिया मनाई। प्राचार्य श्रीमती श्रीवास्तव ने कहा कि राष्ट्रगीत और खेल, दोनों ही युवाओं में राष्ट्रप्रेम, अनुशासन और एकता की भावना को सशक्त करते हैं। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी दीपिका स्वर्णकार ने किया।

### शिविर में 171 छात्र-छात्राओं एवं अध्यापकों का नेत्र परीक्षण

**अम्बिकापुर।** श्री साई बाबा आदर्श स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शनिवार को यूथ रेडक्रॉस सोसायटी और लेंसकार्ट के तत्वाधान में नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित कर प्राध्यापक और विद्यार्थियों के आंखों की जांच कर परामर्श दिया गया। यूथ रेडक्रॉस प्रभारी एलपी गुप्ता ने बताया कि शिविर में 171 प्राध्यापक और विद्यार्थियों के आंखों की जांच की गयी। लेंसकार्ट की ओर से आये विशेषज्ञ पीएन सिंह और सरफराज ने सभी की आंखों की जांच की। प्राचार्य डॉ.राजेश श्रीवास्तव ने सभी को अपनी आंखों की देखभाल करने के लिए सचेत किया।

### अतिक्रमण कारियों को दिया चार दिन का समय

# भरतपुर में अतिक्रमण हटाने पहुंची वन विभाग की टीम लौटी बैरंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ मानीचौक

**खास बात**

- वन भूमि पर बेजा कब्जा कर बना रहे थे पक्का मकान

क्षेत्र में इन दिनों अतिक्रमण कारियों का हौसला इतना बुलंद हो गया है कि जहां खाली जगह देखा नहीं वहां देखते ही कब्जा जमाना शुरू कर देते है, चाहे वो किसी भी मद्द की भूमि क्यों न हो। ऐसा ही मामला ग्राम पंचायत भरतपुर में देखा गया जहां के फॉरेस्ट लैंड की भूमि को सलका निवासी एक ही परिवार के दो लोगों ने न सिर्फ बेजा कब्जा किया बल्कि बाप बेटा मिलकर पक्का मकान निर्माण करना शुरू कर दिया। निर्माण प्लिंथ स्तर पूर्ण हो चुका है। इधर फारेस्ट लैंड की भूमि पर अवैध अतिक्रमण की जानकारी लगे पर आज वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच लेकिन अतिक्रमण कारी मौके से नदारद हो गए। जिस पर वन अमले की टीम ने चार दिन का समय देकर वापस बैरंग लौट गई।

ग्राम पंचायत भरतपुर के फारेस्ट लैंड की भूमि पर कुछ दिनों पूर्व ग्राम सलका के एक ही परिवार के दो लोगों द्वारा अवैध अतिक्रमण कर मकान का निर्माण करना शुरू कर दिया। वन भूमि पर अवैध कब्जा करने पर ग्रामीणों ने घटना की शिकायत वन विभाग में की तथा कार्रवाई करने की मांग की। शिकायत पर आज जांच में वन विभाग की टीम बड़ी संख्या में अवैध अतिक्रमण हटाने की पूरी तैयारी के साथ मौके पहुंचे। साथ ही अतिक्रमण करने वालों को अपने शासकीय व्यक्ति को भेज बुलवाए लेकिन घर में किसी के नहीं होने की बात कही गई। हालांकि वन विभाग द्वारा भी पूर्व अतिक्रमण कारियों को कोई नोटिस नहीं भेजा गया था। अतिक्रमण कारियों के नहीं होने पर वन अमले की टीम ने मौके पर मौजूद ग्रामीणों के बीच पंचनामा तैयार किया गया। साथ ही अतिक्रमण कारी ग्राम सलका निवासी रामसागर आ. सीताराम, सीताराम आ. सुदन के नाम लीगल नोटिस जारी करते हुए नोटिस उसके घर भेजा। साथ ही चार दिवस के भीतर वन भूमि में मकान बनाने का वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने कहा गया। वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करने की बात कही। इस दौरान परिक्षेत्र सहायक केतका वनपाल देवकरन साय सिंह, वनपाल मनोज जायसवाल, रमाकांत तिवारी, राजेंद्र तिवारी, उर्सेला कुजूर, मिथलेश तिवारी, अजय टोप्पो, वनरक्षक देवेंद्र राजवाड़े, राजकुमार, प्रदीप राजवाड़े, सत्यप्रकाश राजवाड़े, सरपंच धीरेन्द्र सिंह, उप सरपंच प्रतिनिधि रोहन सिंह, पूर्व सरपंच बालम सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।



ग्रामीणों से चर्चा करते वन अमला की टीम।

#### विभाग उत्खनन के लिए किसी व्यक्ति को नहीं देता लीज

अतिक्रमण हटाने ग्राम पंचायत पहुंची वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों ने क्षेत्र में अवैध पत्थर उत्खनन के संबंध में पूछा। जिस पर उप वन क्षेत्रपाल धीरेन्द्र कुमार सिंह ने ग्रामीणों को आश्वस्त कराया कि किसी भी फॉरेस्ट लैंड का लीज किसी भी व्यक्ति को विभाग नहीं देता है,और न ही मॉल गाड़ियों को बिना परमिशन के जंगलों में घुसने की अनुमति है। इसके बावजूद अवैध पत्थर उत्खनन कर परिवहन कर ले रहा है इसको रोकने की जिम्मेदारी भी ग्रामीणों की है। उन्होंने गांव के एक सक्रिय टीम बनाने तथा अवैध उत्खनन व परिवहन में लगे वाहन को पकड़ कर सूचना देने की बात कही। पकड़े गए वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए दोषियों को सजा दिलाएगी।



बैठक में उपस्थित अधिकारी।

## कोल कर्मचारियों व परिजन के लिए अनुकंपा नियोजन प्रक्रिया को सरल बनाने नियमों में किए गए संशोधन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

कोल कर्मचारियों और उनके परिजनों के लिए अनुकंपा नियोजन से जुड़ी स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर की समीक्षा को लेकर हुई सब-कमेटी की दूसरी बैठक में कई महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक फैसले लिए गए हैं, इन निर्णयों से अब न केवल नियोजन प्रक्रिया तेज और सरल होगी,बल्कि कर्मचारियों के आश्रितों को भी बड़ी राहत मिलेगी।

बैठक की अध्यक्षता एसईसीएल के निदेशक एचआर विरंची दास ने की, बैठक में एचआर विशेषज्ञों और यूनियन प्रतिनिधियों ने विभिन्न बिंदुओं पर गहन चर्चा की और अंततः कई महत्वपूर्ण संशोधनों पर सर्वसम्मति से मुहर लगाई,बैठक में तय किया गया कि एक जुलाई 2021 से सभी महिला आश्रितों को लाइव रोस्टर में शामिल किया जाएगा,अब तक अधिकारी इसे 11 जून 2024 से लागू मानते थे जिससे कई मामलों में महिलाएं सूची से बाहर रह जाती थीं,इस संशोधन के बाद 2021 से अब तक के सभी लंबित महिला आवेदनों को भी लाभ मिलेगा,अब आश्रितों को प्रमाण पत्रों के सत्यापन के लिए कार्यकारी मजिस्ट्रेट के पास भागदौड़ नहीं करनी होगी, समिति ने निर्णय लिया है कि नोटरी पब्लिक द्वारा जारी अटेस्टेशन और रिलेशनशिप सर्टिफिकेट भी मान्य होंगे,कई मामलों में देखा गया था कि आश्रित वर्षों बाद आवेदन करते हैं,जिससे प्रक्रिया जटिल हो जाती थी,बैठक में यह निर्णय लिया गया कि मृतक कर्मचारी की मृत्यु के बाद तीन वर्ष की अवधि तक आवेदन अब स्वीकार्य होगा,मॉनेटरी अनुग्रह राशि के भुगतान को लेकर भी बड़ा फैसला लिया गया,समिति ने यह स्पष्ट किया कि मृतक कर्मचारी की मृत्यु की तारीख से ही आर्थिक सहायता की गणना और भुगतान किया जाएगा,इसके अलावा यदि मृतक कर्मचारी के आश्रित अन्य राज्यों या विदेशों में रहते हैं,तो उनका एनओसी ऑनलाइन या वीडियो कॉल के माध्यम से प्राप्त किया जा सकेगा,बैठक में बनी सहमतियों को अब मानकीकरण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा, वहां इन अनुशंसाओं को अंतिम स्वीकृति मिलने के बाद पूरे कोल इंडिया समूह में लागू किया जाएगा,बैठक में शामिल यूनियन प्रतिनिधियों ने कहा कि ये सुधार कर्मचारी परिवारों के हित में मील का पत्थर साबित होंगे। अब अनुकंपा नियोजन प्रक्रिया मानवीय और पारदर्शी बनेगी,यह केवल नीति में सुधार नहीं, बल्कि कर्मचारियों के विश्वास को मजबूत करने का प्रयास है।

## ग्रामीणों पर हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

- अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान की थी मारपीट

**रामानुजगंज।** वन विभाग की मदद करने गए ग्रामीणों पर हमला करने वाले अतिक्रमणकारी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। अतिक्रमण की नापजोख करने के दौरान आरोपी ने ग्रामीणों पर डंडे से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था।

बता दें कि 6 नवंबर को विकासखंड के ग्राम कालिकापुर में वन विभाग की टीम अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करने गई हुई थी। इस कार्रवाई के दौरान नाप जोख के लिए टीम गांव के अनिल यादव, रूपलाल यादव, लाल मोहन यादव, सुशील यादव को साथ लेकर गई हुई थी। नाप जोख के दौरान अतिक्रमणकारी ग्रामीण दरोगा यादव ने ग्रामीणों के ऊपर हमला कर दिया था। इस घटना में रूप लाल यादव और अनिल यादव को गंभीर चोट आई थी। इस घटना की शिकायत सुशील यादव आ. मुखलाल यादव ने पुलिस से की थी। घटना के बाद आरोपी कालिकापुर निवासी 40 वर्षीय दरोगा यादव आ. रामवृक्ष यादव को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो आरोपी ने अपना जुर्म कबूल करते हुए कब्जे की भूमि को जबरजस्ती हटवाने से आक्रोशित होकर मारपीट करने की बात स्वीकार की। पुलिस ने मामले में आरोपी दरोगा यादव को बीएनएस की धारा 109(1) के तहत मामला दर्ज कर लिया है।



### गोरखनाथपुर में विवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या मायके पक्ष ने पति पर लगाए प्रताड़ति करने के आरोप

**बिश्रामपुर।** क्षेत्र के ग्राम गोरखनाथपुर बरपारा में एक विवाहिता ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है, बिश्रामपुर पुलिस ने बताया कि ग्राम गोरखनाथपुर बरपारा निवासी 32 वर्षीय यशोदा पति नयन ने रविवार को सुबह करीब साढ़े पांच बजे अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है,सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच शव का पंचनामा व पीएम होने उपरांत शव को परिजन के सुपुर्द किया है एवं मामले में मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है,वहीं दूसरी तरफ विवाहिता के मायके पक्ष का आरोप है कि विवाहिता के पति द्वारा अक्सर नशा का सेवन करके उससे विवाद कर मारपीट किया जाता था,जिस वजह से पूर्व में भी कई बार विवाहिता ने मायके जाकर अपनी आप बीती सुना चुकी थी,मामले में पुलिस द्वारा पीएम रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद ही घटना की वस्तुस्थिति स्पष्ट होने की बात कही जा रही है।

## तहसील साहू संघ भैयाथान के पदों पर निर्विरोध निर्वाचन

- सौरभ साहू बने नए अध्यक्ष, संगठन सशक्तिकरण पर दिया जोर

**भैयाथान।** तहसील साहू संघ भैयाथान की नई कार्यकारिणी का निर्वाचन सर्वसम्मति से सम्पन्न हुआ। सभी पदों पर निर्विरोध चयन के साथ संगठन को नई दिशा देने के संकल्प व्यक्त किए गए।

शनिवार को सोनपुर बैठक में समाज के उपस्थिति में तहसील भैयाथान साहू संघ के अध्यक्ष सौरभ साहू, उपाध्यक्ष दिलीप साहू, उपाध्यक्ष नीरू गुप्ता, संगठन सचिव अनिल साहू, संगठन सचिव काजल गुप्ता सर्वसम्मति से चयनित पदाधिकारी बनाए गए। नवनिर्वाचित अध्यक्ष सौरभ साहू ने कहा मुझे जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे पूरी निष्ठा के साथ निभाऊंगा। समाज के युवाओं, महिलाओं और वंचित वर्गों को अवसर प्रदान करते हुए संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत बनाना हमारा मुख्य लक्ष्य है। शिक्षा, रोजगार और सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में ठोस पहल की जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि सभी पदाधिकारियों व सदस्यों के सहयोग से समाज को प्रगतिशील एवं संगठित रूप देने की दिशा में निरंतर कार्य किए जाएंगे। इस दौरान जिला अध्यक्ष जोखन लाल साहू, चुनाव प्रभारी प्रदीप साहू, पर्यवेक्षक विजय साहू, जिला कार्यकारी अध्यक्ष रामलल्लु साहू, जिला महासचिव अशोक साहू, जिला उपाध्यक्ष अशोक साहू एवं उमाशंकर साहू, प्रवक्ता सुनील साहू तथा तहसील अध्यक्ष मणि प्रताप साहू सहित अन्य उपस्थित थे।



## तनाव मुक्त जीवन के उपाय पर कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

शासकीय महाविद्यालय बिश्रामपुर में शुक्रवार को तनाव प्रबंधन के विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया,जिला चिकित्सालय सूरजपुर के सोशल वर्कर के टीम के सदस्यों द्वारा महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं को तनाव से मुक्त रहने के लिए उपाय बताए,सोशल वर्कर कुमारी प्रियंका मंडल एवं मनोज कुमार के द्वारा बताया गया कि छात्र-छात्राओं को पढ़ाई के दौरान किसी भी प्रकार का तनाव नहीं लेना चाहिए, इसके लिए विभिन्न प्रकार के एक्टिविटीज के माध्यम से अवगत कराया गया कि अपने जीवन में कैसे शांति लाई जा सकती है।




शिविर में बताया गया कि अपने भविष्य के प्रति हमेशा सजग रहना चाहिए और अपने मन मस्तिष्क में हमेशा सकारात्मक बातें सोचने चाहिए,इसके लिए हमें अच्छे साहित्य का अध्ययन एवं अपने परिवार के साथ समय बिताने से नकारात्मक विचार नहीं आता है,इस दौरान महाविद्यालय के छात्र छात्राओं को बताया गया कि अपने मन की बात को परिवार के साथ साझा करने एवं मित्रो से खुलकर अपनी बातों को रखनी चाहिए जिससे मन में नकारात्मक विचार न पनपे और मन में शांति बनी रहे,इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य डीपी कोरी ने छात्र छात्रों को मार्गदर्शन किया और कहा कि हर परिस्थिति में अपने को खुश रखने का प्रयास करना चाहिए,जिंदगी में सुख-दुख आते रहते हैं इसलिए अपने मन को स्थिर रखकर तनाव से मुक्ति पाई जा सकती है,सकारात्मक विचार और अध्यात्म से जुड़कर भी तनाव से मुक्ति पाया जा सकता है,रेडक्रॉस प्रभारी श्रीमती उमा ने छात्र-छात्राओं को तनाव मुक्त जीवन के उपाय के बारे में बताया,इस अवसर पर महाविद्यालय की सभी छात्र-छात्राएं समेत महाविद्यालय के स्टॉफ उपस्थित रहे, कार्यक्रम का संचालन निशांत मिंज अतिथि व्याख्याता समाजशास्त्र के द्वारा किया गया।



## खबर संक्षेप



### दसवीं में जिले टाप आने पर कलेक्टर ने किया सम्मान

**सूरजपुर।** कलेक्टर एस जयवर्धने और जिला पंचायत सीईओ विजेन्द्र सिंह पाटले व जिला शिक्षा अधिकारी अजय मिश्रा द्वारा कार्यक्रम के दौरान नगर के सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में दसवीं के छात्र अम्बर खान का साल और पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। अम्बर खान दसवीं की परीक्षा में जिले में 96 प्रतिशत अंक हासिल कर टॉप किया था, अम्बर खान अनवर खान के पुत्र हैं, और सूरजपुर के सरस्वती शिशु मंदिर में अध्ययनरत हैं। इस दौरान सरस्वती शिशु मंदिर के व्यवस्थापक भीमसेन अग्रवाल, कोषाध्यक्ष वेदप्रकाश जैन, प्राचार्य कैलाश यादव, आचार्य जितेन्द्र कुमार दुबे, आचार्य राकेश निगम एवं समस्त स्टाफ मौजूद थे।

### पेंटिंग एवं पोस्टर प्रतियोगिता में छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

**अम्बिकापुर।** श्री साई बाबा आदर्श स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पर्यावरण संरक्षण विषय पर पोस्टर एवं पेंटिंग प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता ने हरियाली बचाने, पर्यावरण बचाने, ओजोन परत के क्षरण की भयावहता, चांद पर बस्ती बसाने की ललक को प्रदर्शित किया। प्रतिभागियों ने कार्बन उत्सर्जन पर चिंता वहीं सौर ऊर्जा, हरित ऊर्जा की ओर बढ़ने का संदेश दिया। पोस्टर प्रतियोगिता में 100 से अधिक प्रतियोगियों ने भाग लिया। निर्णायक मंडल ने प्रथम अमृता सिंह, द्वितीय तृप्ति साहू, माधुरी राजवाड़े, माधवी दुबे और रिया किसपोट्टा, अंकुश गुप्ता को तृतीय घोषित किया है। पेंटिंग स्पर्धा में 80 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया तथा प्रथम अनुराध कंवर, द्वितीय सृष्टि वैष्णव, अदिति गुप्ता, तृतीय स्थान प्रतिमा राजवाड़े, रेशमा बड़ा ने हासिल किया।



### कांग्रेस में वापसी नहीं हो पाने से पूर्व विधायक बृहस्पति सिंह है हताश : बृजेश

**शंकरगढ़।** पूर्व विधायक बृहस्पति सिंह द्वारा छत्तीसगढ़ कांग्रेस की सह प्रभारी सुश्री जरीता लेतफलांग के खिलाफ दिए गए पैसों के लेनदेन संबंधी बयान पर बलरामपुर युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष बृजेश यादव ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। बृजेश यादव ने कहा कि बृहस्पति सिंह कांग्रेस में पुनः प्रवेश के लिए लगातार बड़े नेताओं से प्रयास कर रहे हैं, किंतु उनकी वापसी संभव नहीं हो पा रही है। इसी हताशा के चलते उनका मानसिक संतुलन डगमगा गया है और वे अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बृहस्पति सिंह ने विधानसभा चुनाव में भाजपा के साथ मिलकर कांग्रेस को हराने की संगठित साजिश रची थी। अब उसी असफलता में आकर वह पार्टी के खिलाफ झूठी और भ्रामक आरोप लगा रहे हैं। कांग्रेस एक अनुशासित और विचारधारा-आधारित संगठन है। राहुल गांधी साफ़ निर्देश है कि कोई भी कार्यकर्ता या कितना भी बड़ा नेता हो पार्टी अनुशासन से अलग किसी भी प्रकार का पार्टी विरोधी कार्य करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी और पार्टी से निष्कासित किए जाएंगे। ऐसे बेतुके बयानों से कांग्रेस कार्यकर्ताओं का मनोबल कमजोर नहीं होगा, बल्कि वे और मजबूती से पार्टी के साथ खड़े रहेंगे।



### ग्राम कंडराजा में बॉक्साइट खनन की पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु जनसुनवाई 30 को

**अम्बिकापुर।** पर्यावरण, जल एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा मे.मां कुदरगढ़ी स्टील्स प्रा.लि. के आवेदन पर विकासखण्ड मैनपाट अंतर्गत ग्राम कंडराजा में बॉक्साइट उत्खनन के लिए 135.223 हेक्टेयर भूमि आवंटित करने की तैयारियां की जा रही है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ पर्यावरण ने अधिसूचना जारी की है।
विकासखण्ड बतौली अंतर्गत ग्राम चिरगा में वर्षों पूर्व मां कुदरगढ़ी अल्यूमिना रिफायनरी प्लांट की स्थापना की गई है वहीं ग्राम पंचायत सिलसिला में मां कुदरगढ़ी एल्युमिना फैक्ट्री का संचालन किया जा रहा है। ग्राम पंचायत चिरगा के ग्रामीण इकाई की स्थापना होने के बाद से ही विरोध कर रहे हैं वहीं पिछले साल 8 सितम्बर को ग्राम सिलसिला स्थित फैक्ट्री में बॉयलर का हापर गिरने से दो मजदूरों की मौत हो गई थी जिस पर ग्रामीणों ने भारी विरोध किया था। मे.मां कुदरगढ़ी स्टील्स प्रा.लि. मैनपाट के दूरस्थ ग्राम कंडराजा में बॉक्साइट खनन करने की तैयारी में है बॉक्साइट उत्खनन के लिए केंद्रीय पर्यावरण, जल एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा ग्राम कंडराजा में 75 रकबे में आवंटित 135.223 हेक्टेयर भूमि में उत्खनन के लिए 30 नवम्बर को नर्मदापुर स्थित स्टेडियम में जनसुनवाई निर्धारित की गई है। ग्राम कंडराजा सरगुजा का सरहदी गांव है तथा रायगढ़ की सीमा से सटा है। सरहदी कापू जंगल में पूरे साल हाथियों का दल मौजूद रहता है तथा ग्राम कंडराजा के रास्ते मैनपाट के विभिन्न क्षेत्रों सहित लखनपुर एवं सीतापुर रेंज के सीमावर्ती जंगलों में भ्रमण करता है। ग्राम कंडराजा सहित आसपास के ग्रामीणों को पर्यावरण मण्डल द्वारा आयोजित की जाने वाली सुनवाई की जानकारी नहीं है। इस संबंध में पूछने पर ग्रामीण अनभिज्ञता व्यक्त कर रहे हैं।

## समितियों में शुरू नहीं हो सकी है खरीदी की तैयारियां

# कर्मचारियों की हड़ताल से समितियों में लटका ताला, 5 दिन बाद शुरू होनी है धान खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सहकारी समिति के कर्मचारियों के अनिश्चित कालीन हड़ताल पर जाने से समिति में ताला लटक रहा है। शासन ने 15 नवम्बर से सहकारी समितियों के माध्यम से धान खरीदी प्रारंभ करने की घोषणा कर दी है। इधर समिति के कर्मचारी अपनी मांगे पूरी होने के बाद ही कार्यस्थल पर लौटने की बात पर अड़े है। ऐसे में निर्धारित तिथि से धान खरीदी करना प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती बन गई है।

**खास बात**
- बारदाना एवं हमालों की उपलब्धता बनी चुनौती

सहकारी समितियों में कार्यरत प्रबंधक, कम्प्यूटर ऑपरेटर, लेखापाल विक्रेता आदि अपनी मांगों के समर्थन में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं तथा लगातार धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। हड़ताली कर्मचारियों का कहना है कि प्रशासन नोडल अधिकारियों की निगरानी में धान की खरीदी कराता है। खरीदी पूरी होने के बाद नोडल अधिकारियों की ड्यूटी खत्म हो जाती है। नमीयुक्त धान की खरीदी होने के कारण भारी मात्रा में सूखत आती है जिसकी भरपाई समिति प्रबंधकों से की जाती है। सूखत की वसूली धान खरीदी करने वाले नोडल अधिकारियों से भी होनी चाहिए। शासन द्वारा पूर्व में कम्प्यूटर ऑपरेटरों को 18420 रूपए मासिक भुगतान का आश्वासन दिया गया था। वर्तमान में शासन द्वारा ऑपरेटरों की नियुक्ति आउटसोर्सिंग से करने एवं 6 महीना का वेतन भुगतान करने का निर्णय लिया गया है। समितियों में सेवा नियम लागू होना चाहिए तथा कर्मचारियों को सभी शासकीय सुविधाएं मिलनी चाहिए। पूर्व शासन द्वारा 72 घंटे के भीतर खरीदे गए धान का उठाव करने एवं 28 फरवरी तक उठाव नहीं होने पर 1 फीसदी सूखत का भुगतान करने का निर्णय लिया गया था। समय पर धान का उठाव नहीं होने के कारण हर बोरी में 2-3 किलों की सूखत आती है जिसकी भरपाई समिति के प्रबंधक को करनी पड़ती है। शासन समय पर धान का उठाव करे अन्यथा सूखत की समस्या का हल निकाले। कर्मचारी अपनी मांगों के पूरा होने के बाद ही कार्य पर लौटने की बात कह रहे हैं। ऐसे में निर्धारित समय पर धान खरीदी प्रारंभ करना अधिकारियों के लिए बड़ी चुनौती बन गई है। हालांकि अधिकारी सहकारी समितियों में धान खरीदी की तैयारियां कराने का दावा कर रहे हैं साथ ही कर्मचारियों की हड़ताल को खरीदी के लिए बड़ी चुनौती भी स्वीकार कर रहे हैं। धान खरीदी प्रारंभ होने में अब सिर्फ 5 दिन का समय शेष बचा है। इन 5 दिनों के भीतर आवश्यक तैयारियां नहीं हुई तो खरीदी में अधिकारियों को बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ सकता है।




वीरान सहकारी समिति।

### फड़ की साफ-सफाई जरूरी

धान खरीदी के पूर्व सहकारी समितियों के फड़ की साफ-सफाई आवश्यक है। फड़ में मवेशियों एवं अनधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश को रोकने के साथ ही सुरक्षा के उद्देश्य से फड़ की बारकेडिंग कराई जाती है। फड़ों में शाम तक सुचारू रूप से धान की खरीदी हो सके इसके लिए समुचित प्रकाश की व्यवस्था के लिए लाइटिंग कराना पड़ता है। खरीदी के पूर्व नमी मापक यंत्र एवं कांटा-बांट की उपलब्धता एवं इसके प्रमाणीकरण की जरूरत पड़ती है। सॉफ्टवेयर में धान खरीदी का ट्रायल रन करना एवं खरीदे गए धान के भुगतान का अभ्यास करना जरूरी होता है ताकि किसी तरह की समस्या आने पर त्वरित निदान किया जा सके। समितियों को 16 कॉलम की जानकारी भी नियमित विभिन्न विभागों को देनी पड़ती है। इस 16 कॉलम की उपलब्धता आवश्यक है। खरीदी के लिए सबसे बड़ी जरूरत बारदाने एवं हमालों की उपलब्धता है। प्रशासन द्वारा नोडल अधिकारियों की नियुक्ति कर दी गई है लेकिन आवश्यक तैयारियों के बिना धान खरीदी करना आसान नहीं होगा।

### बाहर का धान रोकना बड़ी चुनौती

सहकारी समितियों में धान खरीदी प्रारंभ होने के एक पखवाड़े पूर्व ही कोचिए एवं बिचौलिए पड़ोसी राज्यों से बड़ी मात्रा में धान मंगाकर अलग-अलग गांवों में भंडारित कराते हैं ताकि आसानी से समितियों में खपाया जा सके। कोचिए अधिया खेती करने वाले एवं सीमांत किसानों का धान भी सस्ते में खरीदते हैं। प्रशासन द्वारा बलरामपुर जिलान्तर्गत सीमावर्ती क्षेत्र रामानुजगंज, शंकरगढ़, कुसमी एवं वाड्रफनगर में विभिन्न स्थानों पर 22 जांच चौकियां जबकि सूरजपुर जिलान्तर्गत एमपी से सटे चांदनी-बिहारपुर क्षेत्रों में विशालपुर, नवाटोला एवं कोल्हुआ में तीन जांच चौकी स्थापित की गई है। रामानुजगंज तहसील में भारी मात्रा में लगातार अवैध धान जब्त किया जा रहा है जबकि अन्य क्षेत्रों में बाहरी धान को रोकना बड़ी चुनौती बनी है।

### एग्रीस्टेक पंजीयन को लेकर विवाद

शासन ने उन्हीं किसानों का धान खरीदने का निर्णय लिया है जिनका एग्रीस्टेक में पंजीयन हो। सरगुजा सहित अन्य जिलों में एग्रीस्टेक पंजीयन को लेकर कई समस्याएं सामने आ रही है। जिन किसानों की जमीन दो गांवों में है उन्हें पंजीयन में समस्या हो रही है। वनभूमि धारक किसानों का पंजीयन नहीं होने वहीं बड़ी संख्या में किसानों के रकबे में हेरफेर होने की बातें सामने आ रही है। खरीदी पूर्व सभी किसानों का पंजीयन एवं धान के रकबे को दुरूस्त करना भी चुनौती बनी है।

### चल रही तैयारियां

सहकारी समिति में धान खरीदी की तैयारियां चल रही है। धान खरीदी में अभी 6 दिन शेष है लिहाजा हड़ताली कर्मचारियों के काम पर लौटने का इंतजार किया जा रहा है।

-सुनीता अग्रवाल
डीआरसीएस, सरगुजा

## सेवारी समिति प्रबंधक पर अनियमितता के आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

सहकारी समिति के प्रबंधक के खिलाफ की गई शिकायत के मामले में ढाई महीने बाद भी जांच पूर्ण नहीं हो पाई है। जांच व कार्रवाई नहीं होने से ग्रामीणों में रोष का माहौल है।

- जांच नहीं होने से किसानों में नाराजगी

बता दें कि आदिम जाति सेवा समिति सेवारी के प्रबंधक पर किसानों ने फर्जी नियुक्ति, धान टोकन और खाद वितरण के दौरान अवैध वसूली, किसानों के तौलाई-बोरा भराई राशि गबन और अमर्यादित गतिविधियों के गंभीर आरोप लगाए है। इसके साथ ही किसानों का आरोप है कि शिकायत करने के बाद लगातार प्रबंधक द्वारा उन्हें डराया धमकाया जा रहा है। इस मामले में ग्रामीणों 18 अगस्त कलेक्टर से शिकायत की थी। शिकायत के बाद कलेक्टर ने सहकारिता विभाग को जांच के निर्देश दिए थे। सहकारिता सहायक आयुक्त ने 21 अगस्त को एके दास, सहकारिता विस्तार अधिकारी वाड्रफनगर को तीन दिवस के भीतर जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था लेकिन ढाई माह बीत जाने के बाद भी जांच पूरी नहीं हो सकी है, जिससे किसानों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

इस संबंध में सहकारिता सहायक आयुक्त सुरेश पैकरा ने बताया कि जांच प्रक्रिया अंतिम चरण में है और शीघ्र ही प्रतिवेदन कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

### राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी के लिए बालक स्कूल के दो छात्रों का चयन

**रामानुजनगर।** बच्चों के लिए जोन स्तरीय राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी, पश्चिम भारत विज्ञान मेला एवं विज्ञान नाटिका प्रतियोगिताओं का आयोजन शा.बहु.उ.मा.वि.अंबिकापुर में संपन्न हुआ जिसमें शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के दो विद्यार्थियों का बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में राज्य स्तर के लिए चयन हुआ है। इस वर्ष कार्यक्रम का विषय विकसित और आत्मनिर्भर भारत है, जिसके अंतर्गत सात उप विषय सतत कृषि, अपशिष्ट प्रबंधन और प्लास्टिक के विकल्प, हरित ऊर्जा, उभरती हुई प्रौद्योगिकियां, मनोरंजक गणितीय मॉडलिंग, स्वास्थ्य और स्वच्छता एवं जल संरक्षण और प्रबंधन है। प्रतियोगिता में शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के 12वीं के छात्र अविनाश सिंह का स्वास्थ्य और स्वच्छता पर प्रादर्श बनाने और 10वीं के छात्र नवल साय का सतत कृषि के लिए प्रादर्श बनाने पर राज्य स्तर के लिए चयन हुआ है। गाइड टीचर गोपाल सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्रों को विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नए विचारों को तलाशने और विकसित करने के लिए प्रेरित करना है। इस उपलब्धि पर संस्था के प्राचार्य पीसी सोनी ने चयनित दोनों छात्रों को विद्यालय परिवार की ओर से उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



## पेज 1 के शेष...

### पुलिस हिरासत में फिर से...

नकना से बादी गिरोह के सदस्य उमेश सिंह आ. फेकू सिंह सहित 9 लोगों को हिरासत में लाया था। पुलिस की जांच में आरोपियों ने चोरी करने की बात स्वीकार की थी जिसके बाद पुलिस द्वारा रविवार को आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजने की तैयारी की जा रही थी लेकिन इससे पहले उमेश सिंह की मौत हो गई। आरोपी युवक की मौत को लेकर पुलिस का कहना है कि आरोपी को हिरासत में लिया गया था और उससे पूछताछ की जा रही थी। पुलिस आरोपी की निशानदेही पर चोरी का सामान बरामद कर लौट रही थी। इसी दौरान उसकी तबियत बिगड़ी जिसके बाद आरोपी को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस हिरासत में लिए गए आरोपी की मौत के बाद महकमें में हड़कंप मच गया है। घटना के बाद एहतियातन पुलिस ने जिले के साथ ही कोतवाली थाने की सुरक्षा बढ़ा दी है।

### जेवर दुकान में बादी गिरोह ने...

पुलिस से की थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए आईजी दीपक झा व एसपी वैभव बैंकर रमनलाल के निर्देश पर एएसपी विश्व दीपक त्रिपाठी ने नेतृत्व में पुलिस बीएनएस की धारा 331(4), 305 तहत अपराध दर्ज कर अलग अलग टीम मामले की जांच कर रही थी। जांच के दौरान पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ ही मुखबिर को तैनात किया था। इस दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने सरगुज के सीतापुर क्षेत्र अंतर्गत जंगल से सीतापुर के ग्राम नकना निवासी 18 वर्षीय शिव कुमार आ. लांजा राम, 19 वर्षीय सूरज सिंह आ. हीरू सिंह, 21 वर्षीय वेद सिंह आ. धर्मदेव सिंह व सीतापुर बिशुनपुर निवासी 19 वर्षीय सूर्या गिरी आ. मिलन गिरी के साथ ही एक अन्य आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपियों ने पुलिस को बताया उन्होंने पहले से रेकी की थी और फिर घटना दिवस की रात 2 बाइक में कुल 6 आरोपी बलरामपुर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने दुकान की शटर तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। आरोपी दुकान से नगदी और सोने चांदी के जेवर लेकर बाइक से ही फरार हो गए थे और चोरी की रकम को आपस में बांट लिया।

### राजस्व न्यायालय में जीवित व्यक्ति को मृत बताकर झूठा शपथ पत्र किया प्रस्तुत

**बिश्रामपुर।** राजस्व प्रकरण में जीवित व्यक्ति को मृत बता कर बेजा लाभ लेने एसडीएम न्यायालय सूरजपुर में झूठा शपथ पत्र प्रस्तुत कर देने का मामला सामने आया है।घटना सामने आने के बाद जिसे मृत बताया गया है वही व्यक्ति ने सामने आकर मामले की शिकायत एसएसपी सूरजपुर से कर दोषियों के खिलाफ जांच कर उचित कार्यवाही की मांग की गई है,आवेदक लालजी आत्मज जगदीश राजवाड़े 50 वर्ष निवासी सोहागपुर चौकी करंजी ने सूरजपुर एसएसपी को लिखित शिकायत सौंप कर बताया कि अनावेदक मोहरसाय आत्मज अर्जुन राम 60 वर्ष निवासी सोहागपुर के द्वारा न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी सूरजपुर में राजस्व अपील प्रस्तुत कर मुझे लालजी आत्मज जगदीश को मृत बताकर उक्त संबंध में शपथ पत्र निष्पादित कर प्रस्तुत किया गया है जिससे कि अनावेदक अनुचित लाभ प्राप्त कर सके,इस प्रकार अनावेदक मोहर साय ने योजनाबद्ध ढंग से जानबूझकर एसडीएम न्यायालय में गलत व झूठा दस्तावेज प्रस्तुत किया है जिसकी जांच कर आरोपित व्यक्ति के खिलाफ विधि सम्मत कार्रवाई की मांग एसएसपी से की गई है।

- पीड़ित व्यक्ति ने मामले की एसएसपी से की गई शिकायत

## भाजपा मण्डल के कार्यकर्ताओं को दिया एसआईआर का प्रशिक्षण

**अम्बिकापुर।** भाजपा कार्यालय संकल्प भवन में प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी की उपस्थिति में रविवार को एसआईआर हेतु समलाया मंडल की कार्यशाला हुई। कार्यशाला में श्री सोनी ने कहा कि निर्वाचन विशेष गहन पुनरीक्षण केवल एक प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि लोकतंत्र को सशक्त करने का सामूहिक अभियान है। मतदाता सूची की शुद्धता ही चुनाव की निष्पक्षता की बुनियाद होती है, जिसमें भाजपा सदैव अग्रणी भूमिका निभाती आई है। प्रत्येक बूथ पर सही मतदाता सूची बनाना, छूटे पात्र मतदाताओं को जोड़ना और मृत अथवा स्थानांतरित नामों को हटवाना हम सबकी जिम्मेदारी है। कार्यकर्ता घर-घर जाएं, लोगों से संवाद करें, उन्हें मतदान के महत्व से अवगत कराएं। कार्यशाला सह प्रभारी अनिल अग्रवाल ने कहा कि गहन पुनरीक्षण के दौरान प्रत्येक बीएलए और बूथ प्रभारी को मतदाता सूची के प्रत्येक बिंदु पर ध्यान देना चाहिए। जिला महामंत्री विनोद हर्ष ने कहा कि कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ हैं, उनकी सक्रियता ही भाजपा की सफलता का आधार है। जन्मेजय मिश्रा एवं अभिषेक शर्मा ने एसआईआर की तकनीकी प्रक्रिया की जानकारी दी तथा संतोष दास ने वंदेमातरम् गीत प्रस्तुत किया। कार्यशाला का संचालन मंडल महामंत्री अजय सोनी एवं आभार प्रदर्शन अभिषेक सिंहदेव ने किया। इस दौरान जिला महामंत्री अरूणा सिंह, पार्षद मनीष सिंह, संवाद प्रमुख रूपेश दुबे, पार्षद रविन्द्र गुप्त भारती, दीपक सिंह तोमर, सरिता मिश्रा, सर्वेश तिवारी सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## अमेरा खुली खदान को लेकर नहीं थम रहा ग्रामीणों व प्रबंधन का विवाद

**लखनपुर।** अमेरा ओपन कास्ट माइंस को लेकर ग्रामीणों और प्रबंधन के बीच गतिरोध थमने का नाम नहीं ले रहा है। अभी भी ग्रामीण इसी बात पर अडिग है कि वे अपनी जमीन किसी भी कीमत पर कोयला निकाले के लिए नहीं देंगे। इसके साथ ही ग्रामीणों ने प्रबंधन कोल उत्खनन हेतु जमीन देने के लिए सहमति बनने का भ्रम फैलाने का आरोप लगाया है। बता दें कि अमेरा खुली खदान का विस्तार परसोडीकला तक किया जा रहा है जिसे लेकर ग्रामीण लम्बे समय से विरोध कर रहे है। ग्रामीणों का कहना है कि वे खदान के लिए अपनी जमीन नहीं देंगे। प्रबंधन की समझाईस के बाद ग्रामीण अपनी बात पर अडिग है। इस दौरान दो बार ग्रामीणों और कोल कंपनी के कर्मचारियों के बीच झड़प भी हुई जिसमें कई कर्मचारियों को चोट आई थी। इन सब के बीच एक बार फिर से शनिवार को ग्रामीणों के निस्तार हेतु बनाए गए तालाब के समीप खनन कंपनी शुरू कर दिया जिसे लेकर ग्रामीणों ने विरोध किया। इस प्रबंधन का कहना है कि ग्रामीणों और प्रबंधन के बीच खनन के लिए सहमति बन गई है जबकि ग्रामीणों का कहना है कि प्रबंधन द्वारा जबरन भ्रम फैलाया जा रहा है कि खदान विस्तार के लिए ग्रामीणों ने ने अपनी सहमति दे दी है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रबंधन ने निस्तार के तालाब को पहले ही नष्ट कर दिया था इस लिए उस स्थान से वे कोयला निकाल रहे है जबकि इसके आगे वे अपनी एक इंच की जमीन खदान के लिए नहीं देंगे। ग्रामीणों ने कहा कि ओपन कास्ट खदान अमेरा परियोजना का विस्तार ग्राम पंचायत परसोडीकला की ओर किया जा रहा है जिसका आज भी विरोध है और आने वाले समय में भी रहेगा। ग्रामीणों ने कहा कि खदान विस्तार के लिए ग्राम पंचायत की ओर 1 इंच जमीन नहीं देंगे ना हमें नौकरी चाहिए ना ही हमें मुआवजा हमें अपना जमीन ही चाहिए। अपनी जमीन बचाने के लिए ग्रामीण लम्बी लड़ाई लड़ने की तैयारी में है।

- समझाईश के बाद भी जमीन देने को नहीं हुए राजी



## विकासखण्ड गौ सेवा आयोग की समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजनगर

विकासखण्ड स्तरीय गौ सेवा आयोग की समीक्षा बैठक अनुविभागीय अधिकारी रामानुजनगर के सभाकक्ष में सम्पन्न हुई।

बैठक का मुख्य उद्देश्य विकासखण्ड अंतर्गत गौधाम संचालन हेतु विभिन्न संस्थाओं से प्राप्त आवेदनों का निराकरण करना था। बैठक में आयोग के अध्यक्ष, सदस्यों एवं संबंधित अधिकारियों ने योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की तथा गौ धामों के सुचारू संचालन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में सदस्यों ने गौ संरक्षण एवं संवर्धन के लिए विकासखण्ड में चल रहे कार्यों पर संतोष व्यक्त किया तथा आवश्यक सुधार हेतु सुझाव भी दिए। इस अवसर पर गौ धामों के रखरखाव, पशुओं के आहार, चिकित्सा सुविधा एवं स्थानीय संस्थाओं की भागीदारी पर विस्तार से चर्चा की गई। गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष अभिषेक उपाध्याय ने कहा कि गौधाम केवल पशु संरक्षण का केंद्र नहीं, बल्कि यह समाज में सेवा, सहयोग और संवेदना का प्रतीक हैं। इन केंद्रों को आत्मनिर्भर बनाना हमारी प्राथमिकता है। बैठक में गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष अभिषेक उपाध्याय, सदस्य संदीप तिवारी, हेमन्त यादव, अदल सिंह, अंजनी पाल, पदेन सदस्य जनपद पंचायत अध्यक्ष गुलाब सिंह, अनुविभागीय अधिकारी अजय मोरियम, पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. कृष्णकुमार कुशवाहा एवं डॉ. रेनू खेश सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736




By Train-रिजर्वेशन कोच
26 दिसंबर 2025 11 दिन की यात्रा
नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर (सीता मैय्या जन्म स्थल), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि टेंपल) लुम्बिनी, काठमांडू, बुढ़ा नीलकंड, भक्तपुर, पशुपतिनाथ, पोखरा, गुप्तेश्वर, डेविड फॉल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक, मनोकामना देवी,
राशिः स्लीपर-18501/- ऑफर 17,501/-, 3AC-29,501/-ऑफर 27,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)




13 नवंबर, 18 दिसंबर, 2025, 02 जनवरी, 06 फरवरी, 28 मार्च, 10 अप्रैल, 08 मई, 15 मई, 22 मई, 05 जून 2026 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशिः-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411